## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 24.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **डीजीपी नियुक्ति विवाद पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी महत्वपूर्ण सुनवाई, राज्य सरकार नियमों में किए गए संशोधनों के बचाव में अदालत के समक्ष रखेगी अपना पक्ष।**
2. **जमशेदपुर के मरीन ड्राइव पर आज तड़के हुआ भीषण सड़क हादसा; ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी सहित चार लोगों की मौत।**
3. **बैंक यूनियनों की प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आगामी रविवार सत्ताइस सितंबर को खुले रहेंगे सभी सरकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक; रिजर्व बैंक ने दी मंजूरी।**
4. **लोहरदगा की जल सहिया नीता लकड़ा ने नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक में लिया हिस्सा, अपने गांव में जल संरक्षण की सफलता की कहानी साझा की।**
5. **पटना में चल रही पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन; 18 पदकों पर जमाया कब्जा।**

************************

झारखंड के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति नियमावली से जुड़े मामले में राज्य सरकार आज सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल राज्य सरकार की ओर से पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति और नियमों में किए गए संशोधनों का बचाव करेंगे।

************************

जमशेदपुर के मरीन ड्राइव पर आज तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी तृषा सिंह भी शामिल हैं। डीएसपी मनोज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई, जिससे यह हादसा हुआ।

राज्यपाल संतोष कुमार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई राजनेताओं ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

************************

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने बताया है कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को देखते हुए सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार 27 सितंबर को खुले रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम और करेंसी चेस्ट को रविवार को पूरी तरह चालू रखने की मंजूरी दी है।

************************

लोहरदगा की जल सहिया नीता लकड़ा ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक–2026 में जल संरक्षण और ग्रे–वाटर प्रबंधन की सफलता की कहानी साझा की है। उन्होंने सेरेंगहातु गांव में जनभागीदारी से सोख्ता गड्ढों के निर्माण और जलजमाव मुक्ति के सामुदायिक मॉडल को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के सामने रखा।

************************

टाटानगर स्टेशन की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए आरपीएफ कुल 66 नए सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है। इसके तहत बर्मामाइंस गेट और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों की चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी।

************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को विकसित भारत 2047 का मुख्य निर्माता और सबसे बड़ा लाभार्थी बताया है। वे आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा यात्रा कर रहे प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।

************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा जन सेवा से देश सेवा के मंत्र और निरंतर समर्पण से जुड़ी रही है। इसी सेवा और सुशासन की सोच के साथ सरकार 2047 तक विकसित

भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार काम कर रही है। समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तीकरण के जरिए यह प्रतिबद्धता लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है। विशेष श्रृंखला में आज बात करेंगे। वन डिस्ट्रिक्ट–वन प्रोडक्ट यानी ओडीओपी योजना की।

***********************

कोडरमा के डोमचांच में मूसलाधार बारिश के बाद पुल न होने से बंगाखालर पंचायत के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को उफनती नदी पार करनी पड़ रही है। पक्की सड़क और पुल के अभाव में आधा दर्जन गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। बच्चों ने प्रशासन से जल्द पुल निर्माण की मांग की है।

***********************

घरेलू शेयर बाजार के सूचकांक में आज लगभग एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 704 अंक गिरकर 74 हजार 124 जबकि निफ्टी 235 अंक की गिरावट के साथ 23 हजार 212 पर था।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 40 हजार 100 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 45 हजार रूपये प्रति किलो है।

***********************

पटना में चल रही 37वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 पदक जीते। इनमें 5 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। दूसरे दिन शिल्पा कुमारी, साजिद अंसारी, पूनम कुमारी, प्रिंस कुमार और परमा हांसदा ने राज्य को स्वर्ण पदक दिलाए।

******************